# Lucknow metro : लखनऊ में इस रूट के लिए मेट्रो को मिली हरी झंडी, बहुत जल्द शुरू होगा प्रोजेक्ट पर काम



Subscribe to Notifications

Lucknow metro : उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊवासियों के लिए खुशखबरी है। सरकार के नए प्रोजेक्ट के अनुसार चारबाग से बसंतकुज मेट्रो के लिए हरी झंडी मिल गई है। इस प्रोजेक्ट में देरी होने पर इसकी लागत लगभग 20 फीसदी तक बढ़ जाएगी। इसलिए विभाग जल्द से जल्द इस काम को पूरा करने के लिए डीपीआर तैयार कर सकता है.

## 2019 में शुरू होना था कार्य

केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के अधिकारियों ने रविवार और सोमवार को इस प्रोजेक्ट पर चर्चा की है। इसके साथ ही कानपुर मेट्रों पर भी चर्चा की गई। इसके संचालन पर भी बातचीत की गई।

Government of UP
@UPGovt · Follow

लखनऊ में मेट्रो के दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू

चारबाग से बसंतकुंज तक मेट्रो की राह हुई आसान



समीक्षा बैठक

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहा कि एनसीआर की तरह राज्य राजधानी क्षेत्र का गठन किया जाए। लखनऊ में मेट्रो के दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू की जाए। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को सरकारी आवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, आवास विकास परिषद व सभी शहरी विकास प्राधिकरणों की समीक्षा की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की तर्ज पर 'उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र' का गठन किया जाए। इस राज्य राजधानी क्षेत्र में लखनऊ के साथ-साथ उन्नाव, सीतापुर, रायबरेली, बाराबंकी, कानपुर नगर और कानपुर देहात को शामिल किया जा सकता है।

योगी के निर्देश

1. राज्य राजधानी क्षेत्र के लिए आसपास के जिलों को शामिल कर तैयार करें प्रस्ताव
2. भूमाफियाओं के खिलाफ विकास प्राधिकरण व नगरीय निकाय और तेज करें कार्रवाई
3. अयोध्या को सोलर सिटी बनाएं ताकि दुनिया को दिया जा सके ऊर्जा संरक्षण का संदेश
4. निवेश, रोजगार और नवाचार के

संतकुंज तक मेट्रो की रा

भार का आकलन कर बुधवार तक शासन को भेजेगा यूपीएमआर

12

दी तक बढ़ गई लागत

इन स्टेशनों को जोड़ेगी ब्लू लाइन

लखनऊ के औद्योगिक वि में मदद देगा एससीआर

नोएडा, गुरुग्राम से एससीआर के फायदे

7:50 AM · Sep 3, 2022

643 Reply Copy link

Read 44 replies

चर्चा के बाद इस बात पर सहमति बनी की चारबाग से बसंतकुज कॉरिडोर के लिए मेट्रों सेवा का विस्तार बहुत ही जल्दी शुरू किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट पर कार्य साल 2019 में ही शुरू होना था, लेकिन कुछ कारणों से ये लेट हो गया। अब इस प्रोजेक्ट का डीपीआर फिर से बनाना पड़ेगा। इसकी फाइल को कैबिनेट से सहमित मिलने के बाद भी इस पर दोबारा से कार्य शुरू हो पाएगा।

## 3 साल देर से हो रहा ये प्रोजेक्ट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभी हाल ही में अपने आवास पर बैठक की थी जिसमें दूसरे फेज़ के काम को तेज़ी से करने के निर्देश दिए थे। अब लखनऊ में अमौसी से मुंशीपुलिया तक मेट्रो को चलाया जाएगा। लेकिन दूसरी समस्या ये है कि लखनऊ में मेट्रों को उतने यात्री मिल नहीं है। मतलब अभी तक लखनऊ मेट्रो घाटे का सौदा कर रही है।ऐसे में उम्मीद है कि एक और रूट बढ़ने से यात्रियों में संख्या बढ़ेगी।

मेट्रो के नए प्रोजेक्ट तीन साल लेट है जिसकी वजह से अब इसको दोबारा शुरू करने में इसकी लागत भी बढ़ जाएगी। जानकारी के मुताबित इसका डीपीआर का काम लगभग पूरा कर लिया गया है और इसको अंतिम रूप दिया जा रहा है। जल्द ही लखनऊ के लोगों के लिए मेट्रो का नया रूट बनकर तैयार होने वाला है।